## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से भूखंड विक्रय के लिए दो पर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कराने के आदेश

**मण्डला।** मंडला अनुविभाग के ग्राम महाराजपुर क्षेत्र में अवैध कॉलोनी काटकर भूखंड विक्रय किए जाने तथा भूखंड खरीदने के पश्चात नागरिकों के द्वारा कॉलोनी में विकास किए जाने की शिकायतें की जा रही थी। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला में प्रकरण की सुनवाई की गई। तहसीलदार मंडला के प्रतिवेदन के आधार पर अब्दुल नासिर खान आत्मज अब्दुल रहमान खान तथा अब्दुल वकील खान आत्मज अब्दुल रहमान खान दोनों निवासी ग्राम महाराजपुर तहसील मण्डला जिला मण्डला के संबंधित भूमि के खसरा नंबर रकवा क्रमशः 0.4560 एवं 1.267 हे. के कॉलम नंबर 12 में अहस्तांतरणीय अंकित किए जाने तथा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 घ (1)(2)(3)(4)(5) के अंतर्गत संबंधित पुलिस थाना में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कराने हेतु तहसीलदार मंडला को आदेशित किया गया है।

### खाद्य सुरक्षा हितग्राहियों के लिए ईकेवाईसी अभियान 4 मार्च तक

**मण्डला।** खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत सम्मिलित 9 लाख 37 हजार 128 में से 7 लाख 37 हजार 572 हितग्राहियों के ईकेवाएसी किये जा चुके हैं। 1 लाख 99 हजार 556 हितग्राहियों के ईकेवाएसी किया जाना शेष है। उचित मूल्य दुकानों पर लगाई गई पीओएस पर पात्र हितग्राहियों के ईकेवाएसी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ईकेवाएसी हेतु शेष 1 लाख 99 हजार 556 हितग्राहियों की ईकेवासी 4 मार्च 2025 तक विशेष अभियान चलाया जाकर किया जा रहा है, शेष सभी पात्र हितग्राही जिनकी ईकेवाएसी पीओएस मशीन में नहीं हुई है, उन्हें विक्रेता के माध्यम से ईकेवाएसी समय-सीमा में कराया जाना आवश्यक है।

### 1087 बच्चों को दी गई स्वर्ण प्राशन की छठवी खुराक

**मण्डला।** जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि कुपोषण से निदान पाने के लिए नवाचार स्वर्ण कवच अभियान का 27 सितंबर 2024 से शुरू किया गया है। इस अभियान में जिले के चिन्हांकित सेम बच्चों को लिया गया है जिसके अंतर्गत आयुर्वेदिक औषधि स्वर्ण प्राशन पुष्य नक्षत्र की तिथि में ही दी जाती है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है और बौद्धिक शक्ति का विकास होता है।

## जहां कार्यकर्ताओं का पसीना गिरेगा वहां मेरा खून बहेगा-जीतू पटवारी

# जिला प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम

*** मनमानी करने पर अधिकारियों को चेताया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बिछिया के कांग्रेस विधायक नारायण पट्टा के घर में प्रशिक्षु आईएएस के द्वारा जेसीबी ड्राइवर और भाई के साथ मारपीट व मां को धक्का देने के मामले में राजनीति गर्मा गई है। ट्रेनी आईएएस के खिलाफ घुघरी थाने में आवेदन दिये गये हैं लेकिन एफआईआर नहीं हुई है। अब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी आज 11 फरवरी को मंडला जिला प्रशासन से चर्चा कर जल्द ही एफआईआर दर्ज करने और वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की गई।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को दोपहर करीब एक बजे घुघरी एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस आकिप खान मिट्टी खनन के मामले में जेसीबी ऑपरेटर का पीछा करते हुए विधायक नारायण पट्टा के घर में घुस गए थे। यहां जेसीबी ऑपरेटर के साथ मारपीट की। उसे बचाने आई विधायक की माँ को धक्का दिया और विधायक के भाई के साथ भी हाथापाई की थी। हालांकि यहां ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एसडीएम ने माफी मांग ली थी लेकिन जेसीबी ऑपरेटर और महिलाओं के द्वारा घुघरी थाने में आवेदन दिया गया। इस मामले में अब राजनीति गर्मा गई है और कांग्रेस के प्रदेश संगठन के पदाधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, राष्ट्रीय सचिव कुनाल चौधरी समेत अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने ट्रेनी आईएएस द्वारा विधायक के घर में घुसकर की गई मारपीट की निंदा करते हुए विरोध दर्ज कराया है। सभी ने आईएएस पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

आज मण्डला आगमन पर कांग्रेस जनों ने कटरा बाईपास पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जी का स्वागत किया, जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूलों की बारिश कर अपने यशस्वी अध्यक्ष का स्वागत किया।






बिछिया विधायक मा नारायण सिंह पट्टा जी के बंगले से काफिला कार्यकर्ताओं की रैली में तब्दील हुआ हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जीतू पटवारी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गोल मेज में बैठक हुई। बाहर निकालकर जीतू पटवारी ने कार्यकर्ताओं और आम जन को संबोधित किया।

इस अवसर पर विधायक नारायण सिंह पट्टा, पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले, विनय सक्सेना, संजीव उईके, संगठन प्रभारी दीदी किरण अहिरवार, सह प्रभारी समीर खान जिला कांग्रेस कमेटी मण्डला के अध्यक्ष एड राकेश तिवारी एवं वरिष्ठ नेतागण और कांग्रेस के ऊर्जावान कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## नवजात की मौत, निजी चिकित्सकों पर उठे सवाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर पहले से ही लोग परेशान रहे हैं छोटी-मोटी बीमारी को लेकर भी महानगरों की ओर दौड़ना पड़ता है ऐसी स्थिति का फायदा कुछ तथाकथित चिकित्सक जबरदस्त रूप से उठा रहे हैं बहुत से तो महानगरों से आकर यहां अपनी सेवाओं की आड़ में मोटा माल कमाते हैं और कुछ व्यवस्थायें तो स्थानीय स्तर की ही उपलब्ध करा रहे हैं लेकिन कीमत महानगरों की वसूलते हैं। इन सबके बावजूद बीमारी को लेकर और बीमार को लेकर कोई भी स्पष्ट स्थिति बताने को तैयार नहीं होते।

निजी अस्पताल में मरीज को भर्ती तो कर लिया जाता है लेकिन बीमारी एवं उपचार को लेकर परिजनों को सही जानकारी नहीं दी जाती जब कभी केस बिगड़ता है तो फिर सीधे महानगर ले जाने की सलाह दी जाती है। ऐसी स्थिति में मरीजों के परिजन करें भी तो क्या?

पिछले दिनों नगर के एक निजी नर्सिंग होम में जो नवजात की मौत का मामला सामने आया इसमें दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बात कही है एक ओर जहां 04 साल बाद बच्चे के जन्म की खुशी की बांट जोह रहे परिवार की सारी खुशियाँ मिट्टी में मिल गई जब नवजात जन्म से पहले ही मौत की आगोश में चला गया परिजन इस पर पूरी तरह से आरोप नर्सिंग होम के अप्रशिक्षित स्टाफ एवं चिकित्सक पर लगा रहे हैं उनका कहना है कि ऑपरेशन के समय चिकित्सक स्टाफ के भरोसे मरीज को छोड़कर 02 घंटे निजी कार्य से गायब रहीं और यही लापरवाही नवजात की मौत का कारण बनी।

तो वहीं दूसरी ओर निजी चिकित्सालय प्रबंधन की सफाई यह है कि उक्त मरीज की पूरी जांच इस चिकित्सालय से बाहर की गई है यहां पर सिर्फ डिलेवरी के लिये लाया गया था और जब नवजात की स्थिति को देखते हुये ऑपरेशन के लिये कहा गया तो अनुमति देने में देर की गई।

उक्त मरीज की पिछले 09 माह से लगातार ईलाज इन्हीं चिकित्सक के द्वारा किया गया तब क्या स्थिति स्पष्ट नहीं थी यह एक बड़ा कारण है।



## इंटरनेट सुरक्षा दिवस पर कार्यशाला का योजना भवन में आयोजन



**मण्डला।** मंगलवार को जिला योजना भवन में जनसुनवाई के पश्चात इंटरनेट सुरक्षा दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वेदप्रकाश गुप्ता प्रोग्रामर डाईट ने उपस्थित अधिकारियों से आग्रह किया कि अपने-अपने अधिनस्थ अमले को भी सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों और युवाओं में इंटरनेट उपयोग को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि आए दिन फाईनेंसियल फ्रॉड और साईबर क्राईम की खबरें सुनाई देती हैं। उन्होंने कहा कि यूपीआई से ट्रांजेक्शन का चलन वर्तमान में बहुत बढ़ गया है, जिससे इस संबंध में होने वाले फ्रॉड भी तेजी से बढ़े हैं। हमें अपने पासवर्ड यूनिक और स्ट्राँग बनाने चाहिए, जिससे हेकर आसानी से इसे क्रेक न कर सकें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्रीमती मधु मिश्रा सहित विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## नारायणगंज पहुंचे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



हाल ही में प्रशिक्षणरत आईएएस अधिकारी जो अनुविभागीय अधिकारी का पद सम्हाल रहे थे के द्वारा कांग्रेस के बिछिया विधायक नारायण पट्टा जी के परिवार से धक्का मुकी के मामले के संबंध में चर्चा करने मण्डला जा रहे पटवारी रास्ते में ब्लॉक कांग्रेस नारायणगंज के कार्यकर्ता को स्वागत के लिए खड़ा देख अपनी गाड़ी रोक पटवारी कार्यकर्ताओं से बात की एवं संगठन को कैसे मजबूत किया जावे इस मुद्दे पर बात की ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा गर्मजोशी से अपने अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया उक्त स्वागत के समय जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मांगन लाल सोनी रघुनंदन विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य भूपेन्द्र बरकड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजुल ज्योतिषी युवा कांग्रेस अध्यक्ष रितेश सोनी (टिंकल), नगर अध्यक्ष रूपेश अग्रवाल, विपिन छत्रपाल सोनी, संदीप सोनी, गुन्ना सिंगरौली ,ग्राम पंचायत पडरिया सरपंच छुट्टियल तेकाम, हिरदेश साहू, बलराम साहू, सिद्धार्थ तिवारी, मुबारक खान प्रिंस अग्रवाल, राजाराम कूड़ापे, राजू लाल सिंगरौरे, दुर्गा सिंगरौरे, सौरभ साहू, गंगाराम यादव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी यूथ कांग्रेस कमेटी के और भी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## वार्षिक उत्सव

### उमंग और रोमांच के साथ नन्हे मुन्ने बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

# नन्हें-मुन्हें का नजर आया शानदार जलबा

*** किड्ज़ी का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




किड्ज़ी प्ले स्कूल सिविल लाइन्स मंडला का वार्षिक दिवस समारोह हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष के लगभग 350 नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छोटे बच्चों के लिए बड़े मंच पर परफॉर्म करना आसान नहीं होता,लेकिन किड्ज़ी सिविल लाइन्स मंडला ने इसे बेहतरीन तरीके से आयोजित किया। विजय और उमंग के रंगों से सजा मंच प्ले ग्रुप के नन्हे बच्चों ने रैंबो थीम पर रंग-बिरंगे परिधानों में जीवन के विभिन्न रंगों को दर्शाया। वहीं, नर्सरी के विद्यार्थियों ने हैप्पी मूड डांस,फुटबॉल डांस,हॉफ हूला हूप डांस, रिद़म डांस, क्यूटनेस ओवरलोडेड जैसे मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए जो बचपन कि मासूमियत और खुशियों को दर्शा रहे थे। बाल संतुलन और ऊर्जा का अद्भुत प्रदर्शन जूनियर केजी के बच्चों ने अपनी कल्पनाओं से परे जाकर हॉर्स डांस में बड़े घोड़ों के मॉडल के साथ संतुलन नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा, बैलेंसिंग डांस, मोबाइल स्किट पंजाबी मिक्स ,रेट्रो डांस, स्ट्रीमर्स जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

### सीनियर केजी बच्चों का शानदार प्रदर्शन



सीनियर केजी के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम स्तुति ₹श्रीरामचंद्र कृपालु भजमनर₹ का भव्य नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भक्तिमय बना दिया। इंटरनेशनल मेम्बो डांस,इंडियन स्प्लिट डांस, टटिंग डांस,जॉय ऑफ हार्ट- जेठालाल कॉमेडी जैसी प्रस्तुतियों को भी खूब सराहा गया। सेव ट्री कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, जबकि घुंघरू डांस और गणेश वंदना ने अपनी अनोखी प्रस्तुति से दर्शकों की वाहवाही लूटी।

### माता-पिता और बच्चों की भावनात्मक प्रस्तुति

कार्यक्रम का सबसे भावुक पल तब आया जब माता-पिता ने अपने बच्चों के साथ मिलकर मंच पर नृत्य किया। इस प्रस्तुति ने समाज को यह संदेश दिया कि चाहे हम कितने भी व्यस्त क्यों न हों, हमें अपने बच्चों के साथ समय अवश्य बिताना चाहिए।समारोह का समापन उत्साह, जोश और भावनात्मक पलों के साथ हुआ, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खुले दिल से सराहा।

### विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति एवं सम्मान समारोह

इस अवसर पर ज़ी लर्न टीम, मुंबई से हरी मोहन मिश्रा (सीनियर रीजनल मैनेजर), नेहा अवस्थी (सीनियर ज़ोनल हेड ऑफ़ एकेडमिक्स), सुशांत सिंह (सीनियर मैनेजर) उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और अभिभावकों को सकारात्मक संदेश दिया कि बच्चों की परवरिश को और भी सुंदर बनाया जाए।कार्यक्रम के दौरान किड्ज़ी सिविल लाइंस मंडला को पिछले दस वर्षों से प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह भी घोषणा की कि किड्ज़ी सिविल लाइंस, मंडला, पूरे भारत में शीर्ष पांच किड्ज़ी केंद्रों में से एक है, जो मंडला के लिए गर्व की बात है।

कार्यक्रम की आयोजन के मार्गदर्शन में डायरेक्टर निशांत शुक्ला, प्राचार्या शालिनी शुक्ला, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी,डांस टीचर भव्यदीप कछवाहा,मंच संचालन पर शिक्षिका काजल असरानी, मनु डीके एवं किडजी सिविल लाइंस की टीम का विशेष योगदान रहा।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से कलेक्टर ने की सौजन्य भेंट



**मण्डला।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कमल जोशी से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रशासन और कानून व्यवस्था के विषयों पर सामान्य चर्चा की। प्रधान न्यायाधीश श्री जोशी ने चर्चा के दौरान कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मंडला के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे शिविर लगाकर लोगों को विधि के विषय में जागरूक करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं, जिसके लिए प्राधिकरण के माध्यम से प्रयास तेज किए जाएंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा सहित संबंधित उपस्थित थे।

### अतिथि शिक्षकों को नहीं मिला वेतन

**नारायणगंज।** विकासखंड नारायणगंज अंतर्गत आने वाली शालाओं में कार्यरत अतिथि शिक्षक गणों को दो माह से वेतन नहीं मिला है जिसके चलते अतिथि शिक्षक गणों को आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है आज दिनांक 11 2 2025 दिन मंगलवार को समस्त अतिथि शिक्षक गण अपने वेतन को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा द्वारा आवंटन नहीं होने की बात कही गई साथ ही कहा गया कि आवंटन आते ही आप सभी को वेतन मिल जाएगा।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### विद्युत विभाग का फर्जी कर्मचारी बनकर बिजली बिल वसूलने के आरोपी गिरफ्तार



**डिंडौरी ।** समनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति विद्युत विभाग का फर्जी कर्मचारी बनकर चोरी कि मोटरसाइकल से घूम घूम कर बिजली बिल कि राशि वसूल रहा था, जिसकी जानकारी पर ग्राम मानपुर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार अपने आप को विद्युत विभाग का कर्मचारी बताकर कर बिजली बिल के नाम पर पैसा लेने वाले आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया । आरोपी के पास से एक थैला, प्लास, चोरी की मोटर सायकल जप्त की गई है । थाना प्रभारी निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती, उनि. पारस यादव, प्रआर. 171 अमित, सउनि. कमल सिंह उइके, आर. 331 दिलीप की सराहनीय भूमिका रही है ।

### अवैध शराब विक्रय करते हुए एक युवक को पकड़ा



**डिंडौरी ।** पुलिस चौकी प्रभारी अमरपुर सहायक उपनिरीक्षक अतुल हरदहा हमराह प्रधान आरक्षक गंगा यादव के अमरपुर मड़ई बाजार डियूटी में दौरान मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम अमरपुर सलवाह रोड अंश दावा के पास में एक आदमी अवैध शराब बिक्री कर रहा हैं। मुखबिर की सूचना पर राहगीर को तलब कर मुखबिर को तलब कर हमराह लेकर मुखबिर के बताए स्थान जाकर देखने पर एक व्यक्ति रोड किनारे बैठा मिला जिसका थैला चेक किया तो थैला में देशी मदिरा प्लेन शराब एवं जीनियस व्हीस्की शराब का होना पाया गया। आदमी से शराब रखने बेचने का वैद्य लायेसेंस पूछने पर नहीं होना बताया पेश नहीं किया व अपना नाम अशोक कुमार पिता पहारी सिह धुर्वे जाति गोंड उम्र 42 साल निवासी अमदरी चौकी अमरपुर थाना समनापुर जिला डिंडौरी का होना बताया। आरोपी कृत्य धारा 34(1) आबकारी एक्ट का दण्डनीय पाये जाने से समक्ष गवाहान मुता० जप्ती पत्रक के देशी मदिरा प्लेन शराब 26 पाव कीमती 1560 रूपये एवं जीनियस व्हीस्की शराब 15 पाव कीमती 1800 रूपये कुल कीमती 3360 रूपये का जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### टिकरिया गांव में सात दिवसीय संगीतमय श्री नर्मदा पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का किया जा रहा आयोजन



**डिंडोरी** जिला के शहपुरा क्षेत्र ग्राम टिकरिया के खेरमाई प्रांगण में श्रीमद् नर्मदा महापुराण कथा का आयोजन जनकल्याण दुर्भिक्ष आपदा निवार्णथ सुख समृद्धि के लिए दिनांक 10 फरवरी से 16 फरवरी तक आयोजन किया जा रहा हैं। श्रद्धालूगढ़ दूर-दूर से पधार कर इस महा ज्ञान गंगा में गोता लगाते हुए नजर आ रहे हैं जिसमें पुराण वाचक पंडित श्री राम गोपाल उपाध्याय के मुखारविंद से भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है कार्यक्रम 10 फरवरी को कलश यात्रा पुराण बैठकी, मंडप प्रवेश और 17 फरवरी को पूर्ण आहूति विशाल भंडारा व कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। आपको बता दे की भागवत कथा शुभारंभ होने से पूर्व सुबह समस्त भागवत में बैठे स्तोत्र गढ़ ग्राम की परिक्रमा करते हुए भाव भजन करते हुए नजर आते हैं। टिकरिया गांव के ग्रामवासी भक्तजन समस्त क्षेत्र वासियों को इस श्रीमद् नर्मदा पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में गोता लगाने के लिए आप सभी को सादर आमंत्रित करती है।

# जनसुनवाई में प्राप्त 56 आवेदनों की हुई सुनवाई

**मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 56 आवेदन प्रस्तुत किये गए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई।**



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

आज जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम खरगहना तहसील बजाग से मनीषा चंदेल ने आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम खरगहना में आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति के संबंध में उचित कार्यवाही कराने की मांग की है। जिस पर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार से आवेदिका अंजू नंदेहा ने अनुग्रह सहायता राशि के लिए अपने पुत्र के आधार कार्ड में संशोधन न होने की समस्या बताई। सरपंच ग्राम पंचायत मडियारास ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए कृषक रामप्रकाश के खेत से विद्युत ट्रांसफार्मर हटवाने की मांग की। हेमराज सिंह ने बताया कि ग्राम सिमरिया में मेरे द्वारा पूर्व में धान एवं आटा चक्की हेतु विद्युत कनेक्शन कराया गया था जिसे 4 माह पूर्व अधिकारियों की उपस्थिति में कनेक्शन हटवा दिया गया है बावजूद इसके अभी भी विद्युत बिल भेजा जा रहा है उन्होंने बिजली बिल बंद करवाने की मांग की। आवेदक महेन्द्र कुमार निवासी ग्राम गुरूमगांव ने बताया कि उसके नाम से स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास भवन की भुगतान राशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में जमा होती है, उन्होंने उक्त समस्या का निराकरण कर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि का भुगतान कराने की मांग की। ग्राम ढोढा निवासी अनिल साहू ने राशन पात्रता पर्ची बनवाने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत कोको निवासी आवेदिका राजेश्वरी परस्ते ने प्रसूति सहायता राशि दिलाने की मांग की। जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई मे राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

## पुलिस ने मेकलसुता महाविद्यालय में चलाया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान



न्यूज ।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार देश मे बढते सायबर क्राईम के मामलो को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस महानिदेशक महोदय के आदेश के पालन मे दिनांक 11/02/2025 को सेफ इंटरनेट दिवस के परिप्रेक्ष्य मे दिनांक 01/02/20245 से दिनांक 11/02/2025 तक संपूर्ण प्रदेश मे साइबर सुरक्षा जागरूकता(सेफ क्लिक अभियान) चलाया जा रहा है । संपूर्ण कार्यक्रम का उददेश्य सुरक्षित इंटरनेट के महत्व को प्रोत्साहित करना और साइबर फ्रॉड जैसे बडे अपराधो के प्रति जागरूक करना है । उक्त अभियान के तारतम्य मे मेकलसुता महाविद्यालय डिण्डौरी में श्रीमति वाहिनी सिंह द्वारा सायबर अपराधों की राकेथाम हेतु छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुये सर्तक रहें सुरक्षित रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र,छात्राये, शिक्षक उपस्थित थे, पुलिस अधीक्षक महोदय संवाद के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट, अनजान लिंक, व्हाटसअप एपीके फाईल, सिम स्वैप धोखाधडी, फेक कॉल, फर्जी लोन एप्लीकेशन, केबीसी फ्रॉड, केवाईसी फ्रॉड इत्यादि सायबर फ्रॉड के बारे मे जानकारी दी जाकर, बचाव के उपायो के बारे मे अवगत कराया गया । साइबर अपराधो के संबंध मे उपस्थित छात्र,छात्राओ के मन मे काफी जिज्ञासा देखी गयी, सभी साइबर क्राईम के नये – नये तरीको के बारे मे जानने के इच्छुक दिखायी दिये, जिन्हे “Dos & Donts” “क्या करे और क्या ना करे” संबंधी पेम्पलेटस का वितरण किया गया । उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ-साथ निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे, यातायात थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक सुभाषचंद्र उइके, एवं अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## शिक्षक संगठन के नेतृत्व में कंप्यूटर आपरेटरों ने मानदेय का भुगतान कलेक्टर दर करने भाजपा विधायक और जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।



शासकीय शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष राम कुमार गर्ग के नेतृत्व में कंप्यूटर आपरेटरों ने करंजिया प्रवास पर आये भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री मध्य प्रदेश शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे और भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम को ज्ञापन सौंपा और अपनी व्यथा बताई। आपरेटरों ने बताया कि श्रम विभाग इंदौर के आदेश के परिपालन में डिंडौरी जिले में कार्यरत सभी विभागों के कंप्यूटर आपरेटरों को मानदेय का भुगतान कलेक्टर दर पर किया जा रहा है। जबकि जनजातीय कार्य विभाग में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटरों को अंशकालिक दर पर 5000/ मासिक भुगतान किया जा रहा है। आपरेटरों ने कलेक्टर दर पर मानदेय भुगतान कराया जाए। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे और जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने मामले को कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त के संज्ञान में लाकर मांगो को पूरा करने का भरोसा आपरेटरों को दिलाया। ज्ञापन सौंपते के दौरान शासकीय शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष राम कुमार गर्ग, आहिवरण वट्टे सुखदेव सिंह धुर्वे संदीप साहू,भूपत बांधव, मोहन मरावी, बालमुकुंद मरावी उपस्थित थे।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न



न्यूज।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय संगठन सचिव सह जिलाध्यक्ष राम गोपाल तिवारी तथा महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती कुंवरिया मरावी द्वारा जारी संयुक्त प्रेस नोट के अनुसार दीदी कैफे डिंडोरी में संगठन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष दमोह माननीय श्री जगदीश प्रसाद जी चौबे के मुख्य आतिथ्य तथा संभागीय अध्यक्ष माननीय श्री व्ही पी शुक्ला की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष, रीवा माननीय श्री वीरेन्द्र कुमार जी तिवारी, जबलपुर जिलाध्यक्ष डाक्टर अरूण पाण्डेय के विशिष्ट आतिथ्य तथा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती नरबदिया मरकाम की विशेष उपस्थिति में जिला शाखा का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न। संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधिया, महामंत्री राम मूरत सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष राज नारायण दीक्षित,सह कोषाध्यक्ष गुरु प्रसाद मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ कार्य कारी जिलाध्यक्ष श्रीमति उदयवती तेकाम धुर्वे , महामंत्री श्रीमति संतोष उयके कोषाध्यक्ष श्रीमति अनवरी बेगम जिला उपाध्यक्ष सुश्री सावित्री नामदेव श्रीमती भागवती मरकाम श्रीमती कीर्ति कछवाहा तहसील संरक्षक एन के पाण्डेय (डिंडोरी),बी एम पाण्डेय,एफ एस मरावी (बजाग)तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र महदेल डिंडोरी, रमेश शरण गुरुदेव (शहपुरा) अर्जुन सिंह नायक (बजाग) तथा कार्यकारी तहसील अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र चौरसिया के अनुसार जिले के समस्त विकास खण्डों के दूरस्थ अंचलों से पधारे लगभग 200 से अधिक पेंशनरों के बीच मंचासीन संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रकाश नारायण अवस्थी,हीरा सिंह जी मरकाम, एस सी एस परते, मथुरा प्रसाद धुर्वे,पी पी शुक्ला, श्रीमति सी बी उरैती,डी पी शुक्ला के साथ ही संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि तेकाम, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रेवा कुशराम, आजाद अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार दीक्षित, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आर एन यादव, लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह चंदेल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

संगठन के ब्लाक अध्यक्ष डुमारी लाल यादव (शहपुरा) केदार प्रसाद पाण्डेय (समनापुर) अंगद राम मरावी (बजाग), लोक सिंह धुर्वे (करंजिया) तथा भजन लाल कुंजाम (अमरपुर) के साथ ही डिंडोरी ब्लाक सचिव सीता राम जी पाण्डेय के अनुसार पेंशन की आवश्यकता के संबंध में विभिन्न वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि तथा अध्यक्ष द्वारा संघर्ष के लिए संगठित रहने पर जोर देते हुए आने वाली 20 मार्च को जबलपुर में संभागीय सम्मेलन की घोषणा की गई।



## भाजपा मंडल शहपुरा ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी पुण्य-तिथि

न्यूज।

डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर में भाजपा के बूथ क्रमांक 76 में आज दिन मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्य-तिथि मनाई गई इस दौरान मंडल महामंत्री सोनलाल परस्ते ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा की व्यक्ति से समाज से राष्ट्र निर्माण का दर्शन तथा अंत्योदय के प्रेणता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चरणों में कोटि-कोटि नमन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे ऋषि राजनेता रहे जिन्होंने राजनीति चिंतन के लिए एकात्म मानवदर्शन का सूत्र दिया और शासन की नीतियां बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। दीनदयाल जी जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र जीवन दर्शन की दृष्टा है इस दौरान कार्यक्रम में महामंत्री सोनलाल विश्वकर्मा पार्षद देवेन्द्र वनवासी महामंत्री पार्षद सुरेन्द्र साहू विजय कछवाहा अमित साहू मनोज कछवाहा हरिओम साहू गणेश रजक सतीष अग्रवाल नरेश ठाकुर संजू उसराठे संदीप गुप्ता दामोदर साहू गुड्डा कछवाहा सागर साहू सुमित साहू प्रकाश साहू शर्मा अवध सोनी उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई 20 वर्ष की सजा

**अनूपपुर।** थाना चचाई क्षेत्र के अन्तर्गत नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी रवि उर्फ ब्रजेश पटेल उम्र 27 वर्ष निवासी कोदैली अनूपपुर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय द्वारा 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 20,000 रू. के अर्थदण्ड से दण्डित किया और अर्थदण्ड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताए जाने हेतु आदेश किया। शासन की ओर से प्रकरण के पैरवीकर्ता अधिकारी हेमन्त अग्रवाल प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी अनूपपुर ने बताया कि वर्ष 2021 में अविवाहित गर्भवती नाबालिग पीडिता जिला अस्पताल अनूपपुर में भर्ती हुई, जहां उसने एक बेटी को जन्म दिया, जिसके आधार पर थाना चचाई में अपराध क्र. 62/21 पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण के अन्वेषण में पाया गया कि आरोपी रवि पटैल ने नाबालिग पीडिता को शादी का झांसा देकर उसके साथ काई बार शारीरिक संबंध बनाया जिससे वह गर्भवती हो गई। अन्वेषण के दौरान समस्त साक्षियों के कथन लेखबद्ध किये गए, प्रकरण में वैज्ञानिक साक्ष्यों का भी संकलन किया गया, वैज्ञानिक साक्ष्य के परिणाम से भी घटना की पुष्टि हुई, सम्पूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां माननीय न्यायालय ने विचारण पश्चात अभियोजन के मामले को संदेह से परे प्रमाणित पाते हुए उक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण की पीडिता को उसके पुनर्वास के लिये माननीय न्यायालय द्वारा 300000 (तीन लाख) रू. प्रतिकर के रूप में दिलाए जाने की अनुशंसा की है। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उक्त दण्ड से दण्डित करते हुए अपने निर्णय में टिप्पणी की है

# वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।



करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर के ठाकुर देव बाबा मंदिर के सामने वालीबॉल ग्राउंड पर मंगलवार से ओपन वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ विधिवत किया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी कृष्ण लाल हस्तपुरिया सरपंच रामेश्वरी मार्को मुकद्दम लल्लू तेकाम के गरिमामई उपस्थिति में फीता काट सर्विस देते हुए प्रतियोगिता का आगाज किया।तत्संबंध में जानकारी देते हुए आयोजक समिति के ब्रजमोहन कालू आर्मो ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्थानीय व दूरदराज की टीमों के अलावा दूसरे जिलों के टीम के सम्मिलित होंगे इनके खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपने दमखम के साथ मैदान में उतरकर प्रदर्शन करेंगे यानि दर्शकों को कड़ा मुकाबला देखने मिलेगा यहां नियमानुसार खेल का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन मैच गोरखपुर और बंजरटोला के बीच खेला गया।«ये रहें उपस्थित -प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में कस्बा के गणमान्य नागरिक इतवारी सिंह मरावी,जेठू मसराम,मंगल सिंह मरावी बसोरी सरठिया, नरेंद्र मसराम, उपस्थित रहें जबकि कमेंट्री पर इनायत अली,स्कोर बोर्ड पर,चेतन सरठिया तथा निर्णायक की भूमिका में ऐन सिंह सरठिया,ने अपने अपने दायित्व का निर्वहन किया।

## जान बचाकर भागते समय युवती हुई घायल, हालत गंभीर

# घर में घुसकर युवती से किया दुष्कर्म

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे आए दिन अपराधों को ग्राफ बढ़ता जा रहा है वही पुलिस द्वारा निरंतर कार्रवाई करने की बात कही जा रही है लेकिन अपराध कम होने का नाम नही ले रहे। ऐसा ही मामला बीती रात थाना क्षेत्र करेली के ग्राम में 19 वर्षीय युवती के घर मे घुस कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। जान के बचाकर भागते समय युवती घायल हो गई जिससे उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वही युवती के कथन के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मामला इस प्रकार

थाना क्षेत्र करेली निवासी 19 वर्षीय युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बचने के लिए भागने के दौरान वह 15 फीट ऊंची छत से नीचे आ गिरी। आरोप पड़ोसी के रिश्तेदार पर है। वारदात करेली थाना इलाके में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहले सूचना आई थी कि चार आरोपियों ने गैंगरेप के बाद युवती को छत से फेंक दिया। इसके बाद एएसपी संदीप भूरिया ने बताया पीड़िता के मुताबिक, रात 10 से 11 बजे के बीच आरोपी उसके घर में घुसा। डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। पीडिता बचने के लिए छत पर भागी। इसी दौरान हड़बड़ी में नीचे आ गिरी। हालांकि युवती के दादा ने उसे छत से फेंकने का ही आरोप लगाया है।

### दादा बोले- गलत काम कर छत से फेंका

युवती के दादा ने बताया कि उसके माता-पिता और दादी



महाकुंभ में गए हुए हैं। आरोपी पड़ोस में शादी में आया था। उसने लड़की को उठा ले जाकर गलत काम किया। दादा का आरोप है कि गलत काम करने के बाद लड़की को छत से फेंक दिया। दादा ने बताया कि गिरने के बाद जब लड़की चिल्लाई तो हम घटना स्थल पर पहुंचे देखा तो लड़की अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। हमने डायल हंड्रेड को फोन किया। पुलिस के आने के बाद लड़की को इलाज के लिए नरसिंहपुर भेजा है। घटना के वक्त युवती की चाची अपने बच्चों के साथ बाजू वाले कमरे में सो रही थी और लड़की का भाई बाहर दुकान में सो रहा था। बाइक सर्विसिंग करता है। करेली थाना प्रभारी सुभाष चंद्र बघेल ने बताया कि आरोपी युवक नरसिंहपुर जिले के पलोहा थाना क्षेत्र के लिलवानी गांव का निवासी है। जो की गाडरवारा में शक्कर नदी पुल के पास बाइक की सर्विसिंग करने का काम करता है।

### मामला दर्ज कर, आरोपी को किया गिरफ्तार

उक्त मामले में युवती के कथन के आधार पर करेली थाने में एफआईआर दर्ज की गई। पूरे मामले में मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया से मिली जानकारी के हिसाब से 10 और 11 तारीख की दरमियान रात युवती के साथ युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। युवती जब जान बचाकर वहां से भागी, तो वह चोटिल हो गई। वहीं युवती के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया और मामले में आगे जांच की जा रही है। वही युवती के दादा जी द्वारा आरोप लगाया गया कि युवती के साथ दुष्कर्म कर छत से फेंका गया। लोगों द्वारा उक्त घटना को लेकर रोष जताया जा रहा है एवं आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### विद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव के सभागार में अंत्योदय एकात्मक मानववाद के प्रणेता पं.दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए पं.दीनदयाल उपाध्याय तेल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम में प्राचार्य कमलेश तिवारी ने याद करते हुए कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानव के बारे में भारत को संदेश दिया और भारतीय जन संघ के अध्यक्ष बनाए गए और 1968 में इनकी दुर्घटना या हत्या आज तक यह पता नहीं चल पाया कि मुगलसराय स्टेशन पर उनके साथ क्या घटना घटी थी अंत्योदय योजना भारत के नीचे के टपके के लोगों को भी कम से कम रोटी कपड़ा और मकान यह मूलभूत आवश्यकता है अवश्य पूर्ण हो कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता,संजय जैन,किशोर शुक्ला,सरदार पटेल, अंजना दीक्षित,पूजा यादव, आयुषी राजपूत कार्यक्रम का संचालन वंदना पटेल ने किया।

### श्रीनगर महाविद्यालय में युवा शक्ति मिशन कार्यक्रम आयोजित



**गोटेगांव।** नजदीकी ग्राम श्रीनगर में श्री जगतगुरु शंकराचार्य कला वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय में प्रदेश सरकार के तकनीक शिक्षा कौशल विकास एव रोजगार विभाग के समन्वयन में विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विज्ञान, कला एवं वाणिज्य विषय के विद्यार्थीयों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पावरप्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन की प्रस्तावना,उद्देश्य एवं लक्ष्यों के बारे में विस्तार से जानकारी कला संकाय के डॉक्टर अशीष ठाकुर के द्वारा दी गई, एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस मिशन के स्तंभों युवा संवाद ,समावेशी शिक्षा, क्षमता संवर्धन उद्यमिता एवं रोजगार, सामाजिक पहल, अनुश्रवण आदि की जानकारी भौतिक विभाग के प्रो राजा दुबे द्वारा दी गई । महाविद्यालय के मुखिया डॉक्टर दिलीप पाठक के द्वारा बताया गया कि इस मिशन के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार युवा, गरीब, अन्नदाता एवं नारी सशक्तिकरण पर ध्यान दे रही है। इस मिशन को सफल बनाने में युवा शक्ति की भूमिका महती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं कार्यालय स्टाफ का सहयोग रहा,एवं सभी संकाय के छात्र छात्राओं उपस्थिति रही ।

### 108 कुण्डीय श्री महारुद्र यज्ञ का समापन आज



**तेंदूखेड़ा।** गौ रक्षा को लेकर रेता घाट दीपेश्वर धाम बरमान में चल रहे 108 कुण्डीय श्री महारुद्र यज्ञ का आज समापन हो रहा है।अंजनी अखाड़ा प्रमुख साध्वी श्यामा दीदी के मार्गदर्शन में चल रहे इस महायज्ञ के दौरान आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में गौ माता की रक्षा और संरक्षण को लेकर प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। साथ ही साथ संत समाज द्वारा गौ संरक्षण को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में सौंपा गया।

## त्रिमूर्ति क्लब एवं श्री राम महायज्ञ समिति का कवि सम्मेलन संपन्न




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** चंदा नगर कालोनी में यज्ञ परिसर में त्रिमूर्ति क्लब एवं श्री राम महायज्ञ समिति के संयुक्त तत्वाधान में पंडित भैया राम शास्त्री के सानिध्य में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज के मुख्य आतिथ्य, ज्योति तिवारी की अध्यक्षता, रमेश नेमा एडवोकेट, अनिरुद्ध दुबे, अर्जुन सिंह पटेल, विवेक पांडे, सुनंदा भट्ट, सरला निगम, कमला मिश्रा, एसके चतुर्वेदी, मुकेश पचौरी के विशिष्ट आतिथ्य में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्लब द्वारा सुनील चावला एवं चावला परिवार द्वारा राष्ट्रीय कवि ओमपाल सिंह निडर को संस्कार मूर्ति सम्मान एवं आचार्य पंडित भैया राम शास्त्री को धर्म मूर्ति सम्मान और सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद द्वारा सनातन रक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन का आरंभ मां सरस्वती की वंदना से प्रारंभ हुआ। प्रारंभिक दौर का संचालन करते हुए हास्य व्यंग्य कवि डॉ. विवेक सक्सेना ने पढ़ा - गूगल से जिंदगी के हल नहीं पूछिएगा,इटारसी से पधारे कवि पवन प्रवल प्रकार शानदार प्रस्तुति दी। जीवन है संग्राम बता कर चले गए। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि डॉ शंकर सहर्ष ने खूब हंसाया। फिर उन्होंने राम के ऊपर पढ़ा -रगो रगों में खून राम का, राम दिलों की धड़कन है। वारा सिवनी से पधारे हास्य रस के कवि अंतू झकास ने खूब हंसाया फिर उन्होंने पढ़ा- मेरे कण कण मेरी रग रग कतरे कतरे में तू राम। कुंवर प्रांजल आगरा ने अपने गीतों के माध्यम से बढ़यि प्रस्तुती दी -ष्प्यार का पुष्प खिल जाय, तो क्या करें। फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश से पधारे वीर रस के राष्ट्रीय कवि ओमपाल सिंह निडर ने तालियां बजवाते हुए पढ़ा - उठो साथियो, निज धरम बिक न जाये। अंत में आभार प्रदर्शन क्लब के संस्थापक डॉ. शंकर सहर्ष द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन को सफल बनाने में संजय पांडे, रवि सोनी, नवीन पांडे, विजय पचौरी, नंदिता चैबे, सपना शर्मा, विनय राय, संतोष साहू का विशेष योगदान रहा।

## रासेयो शिविर के द्वितीय दिवस निकाली जनजागरूकता रैली




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उच्च शिक्षण संस्थान एम. आई. एम. टी कालेज राष्ट्रीय सेवा योजना के वार्षिक शिविर का आयोजन ग्राम खैरी में किया जा रहा है। शिविर के द्वितीय दिवस पर स्वयंसेवकों द्वारा प्रातः प्रभात फेरी निकाली गयी। इसके उपरान्त ध्वज वंदन के साथ योगाभ्यास किया गया। शिविर के बौद्धिक सत्र में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डा शोभाराम मेहरा द्वारा शिविरार्थी स्वयंसेवकों को शिविर की उपयोगिता एवं महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी देते हुए शुभकामनाएं दी। शिविर के प्रथम सत्र में जागरूकता रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्राम के विभिन्न मार्गो में नशा उन्मूलन, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, साक्षरता, कुरीतिओं के विरोध में, मतदाता जागरूकता आदि विषयों पर नारे लगाते हुये रैली निकाली तथा माध्यमिक शाला खैरी में पहुँचकर छात्र-छात्राओं से भेंट कर राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा महिला इकाई की छात्रा स्वयंसेविकाओं द्वारा रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं की जानकारी दी गयी। द्वितीय सत्र में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दल नायक पवन फरसोईया उपदलनायक अखिलेश बर्मन छात्रा इकाई से साक्षी पटेल, अनुजा जैन ने मंचासीन होकर बौद्धिक सत्र के विषय नशा उन्मूलन, शिक्षा, बेरोजगारी आदि विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए एवं शिविरार्थी स्वयंसेवकों द्वारा सोशल मीडिया प्रयोग-दुरोपयोग पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। बौद्धिक सत्र में मंच संचालन सौम्या द्विवेदी एवं आभार शिवानी राजपूत ने किया। उक्त अवसर पर सुश्री रिया जाट सरपंच, पूर्व सरपंच धर्मेन्द्र जाट, सचिव मनीषा विश्वकर्मा, रोजगार सहायक सतेन्द्र कुमार नीला कोल, रजनी त्रिपाठी, कल्पना झारिया, सुषमा सेन, अजीत सराठे, दिव्या श्रीवास्तव एवं महाविद्यालय की गर्ल्स विंग इंचार्ज श्रीमती माधुरी पटवा, लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी द्वय श्रीमती आराधना दुबे एवं सी. पी. गुप्ता की उपस्थिति रही। आज शिविर के तृतीय दिवस पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तथा पुरूष इकाई द्वारा सर्वेक्षण कार्यक्रम खेल, जनसंपर्क, श्रम सीकरी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

## जनजाति आदिवासी गौरव दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर सिंह के निर्देशन में एवं लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश कुमार ठाकुर नोडल अधिकारी द्वारा जनजाति आदिवासी गौरव दिवस की रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी गई की जनजाति समाज भारत की संस्कृति को विशिष्ट बनाने वाला मूल कारक है। पिछली कई सहस्राब्दियों से जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी के रूप में मां और मातृभूमि को स्वर्ग से भी ऊंचे स्थान पर देखने की हमारी भावना का मूल भी यही है, और आगे आने वाले हजारों वर्षों तक भी हमारे भीतर इस देशभक्ति के भावों की प्रेरणा जनजाति समाज से ही आती रहेगी। इस उपलक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अनुसूचित जनजाति विभाग से अर्जुन सिंह मरकाम उपस्थित रहे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह ने भी जनजाति के नायकों के योगदान को याद किया, डॉ.आलोक तिवारी, डॉ. रामता प्रसाद आम्रवंशी, डॉ. मनीष अग्रवाल, डॉ.स्वाति चांदोरकर, रोहित सिंह मरकाम ने किया तथा डॉ.राजेश कुमार ठाकुर ने आभार जताया है।



## भाजपा का आजीवन सहयोग निधि संचय अभियान प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि जिले भर में मनाई गई। जिसमें भाजपा जनों द्वारा अपनी पुष्पांजलि व शब्दांजलि श्रद्धेय उपाध्याय जी को समर्पित की गई। इसी क्रम में जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में भी पुण्यतिथि के अवसर पर मूर्तियों पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए तत्पश्चात आयोजित कार्यक्रम पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में व वरिष्ठ नेता राधेश्याम नेमा, रमेश नेमा, अरुण चैधरी, शब्बीर उस्मानी व मनमोहन सलूजा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए जालम सिंह पटेल ने कहा कि आज एकात्म मानववाद व अंत्योदय के प्रणेता महामानव श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि है जिन्होने विपक्ष की राजनीति का कष्ट सहते हुए राष्ट्रवाद की मशाल बुझने नहीं दी। जिसका प्रतिफल आज भाजपा का यह वृहद स्वरूप है। उन्होने अन्त्योदय का जो मूल मंत्र दिया था उसे हमारी सरकारें अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को बिना किसी भेद भाव के लाभान्वित कर उनके सपने को साकार कर रही है। भाजपा सबके साथ सबके विकास के वाक्य को लेकर आगे बढ़ रही है जिससे समाज के सभी लोगों का विकास सुनिश्चित हो रहा है तो वही दूसरी ओर कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल है, जो परिवार विशेष व वर्ग विशेष के विकास में लगी है। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपनी आजीवन सहयोग निधि की राशि जमा कराई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी गण कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।



### जनसुनवाई में आये 87 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई हाल में मंगलवार को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्याएं सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 87 आवेदन आये।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

**तेंदूखेड़ा।** समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का दर्शन देने वाले विलक्षण व्यक्तित्व के धनी एकात्म मानव दर्शन तथा अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई । इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक एवं विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल तथा उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक सम्मान किया गया ।इस अवसर पर विधायक विश्वनाथ पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का दर्शन देने वाले विलक्षण व्यक्तित्व के धनी एकात्म मानव दर्शन तथा अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक उत्कृष्ट संगठनकर्ता एकात्म मानववाद अंत्योदय दर्शन के प्रणेता थे।पंडित उपाध्याय ऐसे ऋषि राजनेता रहे जिन्होंने राजनैतिक चिंतन के लिए एकात्म मानवदर्शन का सूत्र दिया और शासन की नीतियां बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। दीनदयाल जी जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र जीवन दर्शन के दृष्टा थे उनके द्वारा लगाए गए जनसंघ के पौधे का विस्तार विचार के रूप में देश ही नहीं दुनिया में भी



हुआ है। एक ऐसी राजनैतिक धारा निर्मित की जिसका लक्ष्य राष्ट्र निर्माण है। उनका मानना था कि राजनीति सत्ता के लिए नहीं अपितु समाज की सेवा के लिए हो। स्वतंत्रता के साथ भारत राष्ट्र की यात्रा भारतीय दर्शन के अनुरूप होनी चाहिए। इस मौके पर पूर्व विधायक भैयाराम पटेल नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने भी अपने अपने विचार रखे। तथा जिला भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी की रीति नीति के अनुसार पंडित उपाध्याय जी की विचारधारा को आत्मसात करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पार्टी की विचारधारा से जोड़ते हुए संगठन मजबूती की बात कही।इस मौके पर पूर्व विधायक भैयाराम पटेल अध्यक्ष विष्णु शर्मा देवेन्द्र सुनील मोदी राजीव अग्रवाल संतोष पटेल देवेन्द्र गंगोलिया शिवदयाल खेरोनिया डालचंद पटेल महीष मोदी डब्बल पांडोरिया वीरेंद्र स्वदेशी पुरुषोत्तम पटेल रामकुमार ठाकुर पंकज अग्रवाल सोनू महाराज गोलू अग्रवाल मुकेश पुजारी वंदना पटेल देवराज कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।